दिनांक 25.09.2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

अन्य पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो का हो रहा है सर्वेक्षण , 2088 लोगों का सर्वेक्षण कार्य पूर्ण

भिलाईनगर / नगर पालिक निगम , भिलाई क्षेत्रांतर्गत अन्य पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो का सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है। अब तक 2088 लोगो का सर्वेक्षण हो चुका है। निगम आयुक्त श्री प्रकाश सर्वे ने कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये है। निगम शहर के नागरिकों से अपील करता है कि इस कार्य में सर्वेक्षण दल के कर्मचारियों का पूर्ण सहयोग करे, ताकि सर्वेक्षण कार्य करने में कर्मचारियों को आसानी हो। 6 अगस्त को सर्वेक्षण के संबंध में ऑनलाइन प्रशिक्षण अधिकारियों को दिया गया था। इसके बाद से अपर आयुक्त ने सभी जोन के कर्मचारियों को सर्वेक्षण कार्य के लिये ड्यूटी लगाई है जो घर-घर जाकर सर्वेक्षण का काम कर रहे है। जोन के जोन आयुक्त को नोडल अधिकारी इस कार्य के लिए नियुक्त किया गया है। ओबीसी वर्ग का तथा आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों को सर्वेक्षण के लिये शामिल किया गया है। लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से भी ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है , इसके अतिरिक्त जोन कार्यालय में भी प्रविष्टि करवाई जा सकती है! हितग्राही स्वयं की CGQDC एप्लीकेशन के माध्यम से आधार नंबर एवं राशनकार्ड नंबर दर्ज कर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।

जनसम्पर्क अधिकारी